हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शुक्रवार 15 मई 2026

तापमान

अधिकतम 41.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

12 रोहिला स्कूल के बच्चों ने लहराया दसवीं के परिणाम में परचम



12 समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा समाधान



## खबर संक्षेप

### ट्रैक्टर से सामान चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**जींद।** अलेवा पुलिस द्वारा गेहूं के बैग व ट्रैक्टर का सामान चोरी करने के मामले में अलेवा निवासी आरोपी कौमिक को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा काबू किए आरोपी से चोरी किए गए गेहूं के बैग व ट्रैक्टर का मान बरामद किया है। अलेवा थाना प्रभारी आत्माराम ने बताया कि अलेवा की मनपल पट्टी निवासी सोहन लाल द्वारा गांव के ही एक् वक पर घर से दो बैग गेहूं के व ट्रैक्टर का कुछ जरूरी सामान चोरी करने के मामले की पुलिस को शिकायत दी थी।

### अवैध पिस्तौल व कारतूस सहित आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** सीआईए-1 को एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल हुई है। टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते युवक अवैध पिस्तौल 12 बोर व 2 कारतूस सहित आरोपी काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सीआईए-1 प्रभारी एसआई जसवंत सिंह की अगुवाई में एएसआई रघुबीर सिंह की टीम गश्त दौरान पर थी। गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि खुराना रोड़ कैथल निवासी राहुल उर्फ टिल्ला अपने पास अवैध असला लेकर गांव खरक पांडवा से सजूमा रोड़ पर कही जाने के लिए व्हीकल के इंतजार में खड़ा हैं।

### इंग्लैंड भेजने के नाम पर ठगी का आरोपी काबू

**कैथल।** इंग्लैंड भेजने के नाम पर 12.50 लाख रुपये की ठगी करने के मामले की जांच एंटी एमिग्रेशन सैल प्रभारी पीएसआई शुभ्रांशु की अगुवाई में एएसआई रणधीर सिंह की टीम द्वारा आरोपी गांव राजपुरा जिला पटियाला पंजाब निवासी गुरबाज सिंह उर्फ गैवी को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की टयोंठा निवासी शेर सिंह की शिकायत अनुसार उसके चाचा अमरीक सिंह के साथ पटियाला निवासी गुरबाज सिंह उर्फ गैवी नाम के व्यक्ति का आना जाना था।

### 11.25 ग्राम हेरोइन सहित आरोपी दबोचा

**कैथल।** डिटेक्टिव यूनिट को एक महत्वपूर्ण सफलता हाथ लगी है। टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते थाना कलायत क्षेत्र से आरोपी को 11.25 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट प्रभारी इंस्पेक्टर सुनील कुमार की अगुवाई में एएसआई शमशेर सिंह की टीम अपराध की रोकथाम के लिए गश्त पर थी। एक विश्वसनीय गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि सजूमा रोड़ कलायत निवासी सोनू उर्फ चोटीवाला हेरोइन का नशा करने व बेचने का कार्य करता है।

### अलग-अलग स्थानों से दो महिला लापता, केस

**जींद।** जिले में दो स्थानों से दो युवतियों के संदिग्ध हालात में गायब होने पर संबंधित थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। करेला निवासी व्यक्ति ने शिकायत में बताया कि 13 मई को उसकी पत्नी घर से गायब हो गई। वहीं राजनगर निवासी सुखविंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत आठ मई को उसकी पत्नी घर से गायब हो गई। अभिभावकों ने तलाशा भी लेकिन सुराग नही लगा। पुलिस ने शिकायतों के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### चौथी कक्षा की छात्रा से छेड़छाड़, मामला दर्ज

**कैथल।** सीवन थाना के तहत आने वाले गांव में चौथी कक्षा की छात्रा से छेड़खानी व अश्लील हरकतें करने का मामला सामने आया है। आरोपी ने अपनी दुकान में बच्ची के साथ छेड़खानी की और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। डरी सहमी बच्ची जैसी ही घर पहुंची और अपनी मां को इस बारे में बताया, तो मां ने पुलिस को शिकायत दी है। लड़की की मां ने सीवन पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 9 वर्षीय बेटी गांव के ही एक स्कूल में चौथी कक्षा में पढ़ती है।

## हरियाणा शिक्षा बोर्ड के 10वीं परीक्षा परिणाम में बेटियों ने मारी बाजी, कैथल में 13528 में से 12388 बच्चे पास

# गांव देबवन की बेटी मानसी ने प्रदेश में तीसरा और कैथल में पाया प्रथम स्थान

सूरज सहारण/नरेश पंवार ▶▶| कैथल

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा वीरवार को घोषित 10वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिले के 13528 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। इसमें से 12388 विद्यार्थी हुए हैं। इसके साथ ही 1001 बच्चों की रि-अपीयर आई है। इस बार गांव देबवन की बेटी मानसी ने प्रदेश में तीसरा और जिले में पहला स्थान हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। इसके अलावा रिया, दीक्षा और कार्तिक ने संयुक्त रूप से दूसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि यशिका, अल्का ढुल, लक्ष्य और ज्योति तीसरे स्थान पर रहे। परीक्षा परिणाम घोषित होते ही विद्यार्थियों और अभिभावकों में खुशी का माहौल रहा और स्कूलों में मिठाइयां बांटकर जश्न मनाया गया।

### सही नहीं चल पाया पोर्टल

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा 10वीं कक्षा का परिणाम दोपहर को जारी कर दिया था, लेकिन इसके बावजूद पोर्टल सही न चलने के कारण विद्यार्थियों और अभिभावकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। विद्यार्थियों को रिजल्ट देखने के लिए बार-बार वेबसाइट रिफ्रेश करनी पड़ी। कई बार वेबसाइट हैंग होने और सर्वर बिजी का मैसेज आने से विद्यार्थियों में बेचैनी भी देखने को मिली। कुछ विद्यार्थियों को रिजल्ट देखने में 20 मिनट से आधे घंटे तक इंतजार करना पड़ा। हालांकि रिजल्ट आने के करीब 1 घंटे बाद पोर्टल सही ढंग से काम करने लगा। अधिकतर विद्यार्थी अपने परिणाम देखने को लेकर स्कूल पहुंचे। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी प्रमोद राणा ने बताया कि जिले का 10वीं कक्षा का बोर्ड का परिणाम बेहतर रहा है। जिले के कुल 13528 में से 12388 हुए पास हुए हैं। भविष्य में इसे ओर बेहतर बनाया जाएगा।

## रिया, दीक्षा और कार्तिक संयुक्त रूप से द्वितीय






कैथल। शिव सीनियर सेंकेंडरी स्कूल बढसीकरी खुर्द के अव्वल विद्यार्थियों को सम्मानित करते प्राचार्य रामनिवास। फोटो :हरिभूमि

### डाक्टर बनना लक्ष्यः मानसी



एचबीएसई की 10वीं कक्षा में देबवन निवासी आर्य व्रत स्कूल की छात्रा मानसी ने 500 में 497 अंक लेकर प्रदेश में तीसरा तथा जिले में प्रथम स्थान हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। मानसी ने अपनी सफलता का श्रेय अध्यापकों और अभिभावकों को दिया है। मानसी ने हमेशा सोशल मीडिया से पूरी तरह दूरी बनाई रखी। वह केवल पढ़ाई के लिए ही फोन का इस्तेमाल करती थी। उसने फेसबुक और इंस्टाग्राम से दूरी बनाए रखी। परीक्षा के दौरान उसने करीब 12 से 13 घंटे तक पढ़ाई की। स्कूल समय के अलावा वह प्रतिदिन 3 से 4 घंटे पढ़ाई करती थी। मानसी का सपना डॉक्टर बनकर समाज सेवा करना है। मानसी ने अपनी सफलता का श्रेय अध्यापकों और अभिभावकों को दिया है।

### सॉफ्टवेयर इंजीनियर बनने का सपनाः दीक्षा



कैलरम के गौड पब्लिक स्कूल की छात्रा दीक्षा ने 500 में से 496 अंक लेकर जिले में दूसरा स्थान प्राप्त किया। वे दो भाई बहन हैं। दीक्षा बड़ी है और भाई छोटा है। दीक्षा ने बताया कि पिता राजेश प्राइवेट नौकरी करते हैं। माता राजबाला गृहिणी है। उसने 10वीं कक्षा में रोजाना 8 से 9 घंटे है। काई भी प्रतियोगिता होती तो उसमें हिस्सा जरूर लेती थी। वह नॉन मेडकिल की पढाई कर सॉफ्टवेयर इंजीनियर बनने का सपना है।

### इंजीनियर बनना सपनाः ज्योति



शिव सीनियर सेंकेंडरी स्कूल बढसीकरी खुर्द की छात्रा ज्योति भी 595 अंक हासिल कर जिले में तीसरा स्थान हासिल करने में कामयाब रही। ज्योति के पिता रामनिवास किसान हैं तथा माता बबली गृहिणी हैं। उसका भाई हर्षित 9वीं कक्षा में पढता है। ज्योति ने बताया कि वह स्कूल के अलावा 5 से 6 घंटे पढाई करती थी। वह ज्यादातर रात को पढाई करती थी। उसने बताया कि उसकी सफलता का श्रेय अभिभावक और अध्यापकों को दिया है। वह नान मैडिकल कर इंजीनियर बनना चाहती है। उसने बताया कि उनके प्रधानाचार्य रामनिवास व अध्यापक समय समय पर उनका मार्गदर्शन करते रहे जिस कारण वे यहां तक पहुंचने में कामयाब रही। उसने विद्यार्थियों को सोशल मीडिया से दूरी बनाते हुए पढ़ाई पर फोक्स करने का आहवान किया।

### आईएएस बनना सपनाः रिया



गांव देबवन के आर्यव्रत स्कूल की छात्रा रिया ने 500 में 496 अंक लेकर जिले में दूसरा स्थान प्राप्त किया। रिया ने बताया कि उसके पिता नरेश किसान तथा मां मुकेश रानी गृहिणी है। वह प्रतिदिन सुबह 4 बजे उठकर पढ़ाई करती है। परीक्षा से एक माह से पहले सेल्फ स्टडी की। उसकी सिविल सर्विसिज जाने की इच्छा है। वह आईएएस अधिकारी बनकर देश सेवा करना चाहती हैं।

### आईएएस बनना लक्ष्यः कार्तिक



गुलियाना की ज्ञानदीप अकादमी के छात्र कार्तिक ने 500 से 496 अंक लेकर जिले में दूसरा स्थान है। दो भाई-बहन है। बड़ी बहन 12वीं है। पिता बलजीत सिंह किसान तथा माता सकीना गृहिणी है। उसने कोई ट्यूशन नहीं रखी। वे स्कूल समय के अलावा 5 से 6 घंटे तक रोज पढ़ाई करते है। वह यूपीएससी कर आईएएस बनना चाहता है। उसने कहा कि मेहनत से ही लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

### डॉक्टर बनकर गरीबों की सेवा करना लक्ष्यः यशिका



करोड़ा के ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल छात्रा यशिका ने 500 में से 495 अंक लेकर जिले में तीसरा स्थान प्राप्त किया। कमालपुर गांव की यशिका के पिता यशपाल शर्मा इलेक्ट्रिशियन तथा माता सुमन गृहिणी है। दो भाई व बहन है। याशिका बड़ी है। वह सुबह 3 बजे ही पढ़ाई में जुट जाती थी। मेडिकल में एडमिशन ले रखा है। याशिका ने कहा वह एक एमबीबीएस डॉक्टर बनकर गरीबों की सेवा करना चाहती है।

### डॉक्टर बनना सपनाः अलका



शिव सीनियर सेंकेंडरी स्कूल बढसीकरी खुर्द के 5 विद्यार्थियों ने टाप टेन में स्थान हासिल कर नया रिकार्ड बनाने का काम किया है। स्कूल की अलका ढुल ने 500 में से 495 अंक हासिल कर जहां जिले में तीसरा स्थान हासिल किया है। अलका ढुल का सपना कार्डियोलोजिस्ट चिकित्सक बनना है। वह अब मैडिकल की पढाई कर रही है। अलका के पिता कृष्ण राजकीय स्कूल में अध्यापक हैं जबकि मां पूनम गृहिणी हैं। उसका भाई दीपांशु 8वीं कक्षा में पढ रहा है।




जींद। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय।

## 94.68 प्रतिशत परीक्षा परिणाम के साथ जींद प्रदेश में दूसरे स्थान पर

- 15914 ने दी 10वीं की परीक्षा, 15067 विद्यार्थी उत्तीर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा वीरवार को 10वीं कक्षा का परिणाम घोषित किया गया। जिसमें जींद जिला 94.68 प्रतिशत परीक्षा परिणाम के साथ प्रदेश में दूसरे स्थान पर रहा। इस साल जिले के 15 हजार 914 विद्यार्थियों ने 10वीं कक्षा की परीक्षा दी थी। जिसमें से 15 हजार 67 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। 680 विद्यार्थी इंप्रूवमेंट ऑफ परफार्मेंस की श्रेणी व 167 विद्यार्थियों की कंपार्टमेंट आई थी। वहीं महर्षि दयानंद पब्लिक स्कूल नरवाना के विद्यार्थी वंश देव ने 500 में से 497 अंक लेकर प्रदेश में तीसरा और जिले में पहला स्थान हासिल किया। वहीं आर्य विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल घिमाना के विद्यार्थी अंश खोखर ने 496 अंकों के साथ जिले में दूसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं शिव गुरुकुलम सीनियर सेकेंडश्री स्कूल छातर की छात्रा प्रियांशी व गुरु अमरदास हाई स्कूल पीपलथा की छात्रा आशप्रीत कौर 495 अंकों के साथ संयुक्त रूप से जिले में तीसरे स्थान पर रही। वहीं पिछले साल 10वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में जींद जिला 95.07 प्रतिशत परीक्षा परिणाम के साथ प्रदेश में पांचवें स्थान पर था। पिछले साल नरवाना के एसडी कन्या महाविद्यालय की छात्रा निधि ने 495 अंक लेकर प्रदेश में तीसरा स्थान हासिल किया था। 10वीं कक्षा के 15 हजार 812 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। जिसमें से 15 हजार 32 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए थे और 631 विद्यार्थी इंप्रूववमेंट आफ परफार्मेंस की श्रेणी में आए थे और 149 छात्रों की कंपार्टमेंट आई थी। जबकि 2023-24 के सत्र में 16 हजार 430 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। जिसमें से 15 हजार 984 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए थे और 353 विद्यार्थी इंप्रूवमेंट ऑफ परफार्मेंस की श्रेणी में आए थे। हालांकि 2023-24 में 97.29 प्रतिशत परीक्षा परिणाम के साथ जींद जिला प्रदेश में पांचवें स्थान पर था।

### बेहतर रहा परिणाम

जिला शिक्षा अधिकारी रितु पंघाल ने बताया कि विद्यार्थियों को चाहिए कि वे मेहनत के साथ लगातार आगे बढ़ें और शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद में भी जिले व प्रदेश का नाम रोशन करें। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी 10वीं कक्षा के परिणाम में जींद जिले का परिणाम बेहतर रहा है। जींद प्रदेश में दूसरे स्थान पर है। बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए जिले के विद्यार्थी व शिक्षक बधाई के पात्र हैं।

## सल्फास खाकर व्यक्ति ने दी जान, महिला संग दो नामजद

- जहर निगलने के बाद भाई के पास व्हाट्सअप पर भेजा सुसाइड नोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सफीदों में व्यक्ति ने संदिग्ध हालात के चलते सल्फास की गोलियां खाकर आत्महत्या कर ली। मृतक ने चार पेज का सुसाइड नोट छोड़ा है। जिसमें एक महिला तथा व्यक्ति को मौत के लिए जिम्मेवार ठहराया गया है। शहर थाना सफीदों पुलिस ने सुसाइड नोट को आधार मान कर मृतक के भाई की शिकायत पर महिला समेत दो लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने का मामला दर्ज किया है। मूलतः जामनी हाल रामपुरा रोड सफीदों आटा चक्की के निकट रहने वाले संदीप (39) ने गत दिवस संदिग्ध हालात के चलते अपने मकान में सल्फास की गोलियां निगल ली। हालात बिगड़ने पर परिजनों ने उसे पानीपत के निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर शहर थाना सफीदों पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। मृतक द्वारा चार पेज का सुसाइड नोट छोड़ा गया है। मृतक के भाई रामनिवास ने बताया वह गांव कालवा गुरूकुल में कार्य करता है। उसके भाई संदीप का पत्नी के साथ तलाक का केस चल रहा है।




जींद। नीट परीक्षा रद्द के रोष स्वरूप प्रदर्शन करते एनएसयूआई कार्यकर्ता।

### एनएसयूआई ने किया रोष प्रदर्शन

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में गुरूवार को एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने नीट परीक्षा रद्द होने पर सरकार का पुतला फूंका और जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने कहा कि सरकार को युवा वर्ग से कोई लेना-देना नही है। इसीलिए हर परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक हो रहे हैं और होनहार युवाओं के सपनों को तोड़ रहे हैं। प्रदर्शन का नेतृत्व एनएसयूआई अध्यक्ष जयदीप सिंधू ने किया। उन्होंने कहा कि देशभर के लाखों विद्यार्थियों ने दिन-रात मेहनत कर नीट परीक्षा की तैयारी की थी लेकिन बार-बार सामने आ रहे पेपर लीक मामलों ने छात्रों के भविष्य और मेहनत दोनों को बर्बाद करने का काम किया है। कहा कि यह केवल एक परीक्षा का मामला नहीं बल्कि देश की शिक्षा व्यवस्था और युवाओं के विश्वास पर सीधा हमला है। केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार परीक्षा प्रणाली को सुरक्षित रखने में पूरी तरह विफल रही है। एनएसयूआई ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग करते कहा कि नैतिक जिम्मेदारी लेते उन्हें तुरंत अपने पद से हटना चाहिए। साथ ही नैशनल टैस्टिंग एजेंसी (एनटीए) को भंग कर नई पारदर्शी और जवाबदेह परीक्षा प्रणाली लागू करने की मांग की।

### सफाई कर्मचारियों की हड़ताल समाप्त

**जींद।** पिछले 14 दिनों से चले आ रही सफाई कर्मचारियों के हड़ताल का अंत वीरवार को हो गया है। नगर परिषद सफाई कर्मचारियों के काम पर लौटने से शहर और जिले को कचरे के विशाल ढेरों से जल्द मुक्ति मिलने की उम्मीद जगी है। हड़ताल समाप्त होने की खबर सुनकर आम लोगों ने राहत की सांस ली है। वहीं हड़ताल समाप्त करने से पहले सफाई कर्मचारियों ने सर्व कर्मचारी संघ के आह्वान पर प्रदर्शन किया और नारेबाजी की। एक मई से कामकाज छोड़ हड़ताल पर चले गए थे सफाई कर्मचारी गत एक मई को मांगों को लेकर सफाई कर्मचारी हड़ताल पर चले गए थे। इस दौरान पूरे जिले में सफाई कार्य ठप पड़ गया था। नतीजतन बाजारों, मोहल्लों, गलियों और सार्वजनिक स्थानों पर हजारों टन कचरा जमा हो गया था। गंदगी के कारण स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी बढने लगी थीं। नागरिकों को बदबू और मक्खी व मच्छरों का सामना करना पड़ रहा था। कई इलाकों में लोग खुद कचरा उठाकर सड़क किनारे फेंकने को मजबूर हो गए थे। हड़ताल समाप्त करने से पहले नगर परिषद सफाई कर्मचारियों ने कल जोरदार प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने नगर परिषद कार्यालय के सामने जमा होकर अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी की।



जींद। शहर में जगह-जगह लगे कचरे के अंबार। फोटो :हरिभूमि

### हेयर सैलून संचालक को दो लाख रुपये का चूना


**जींद।** विदेश में रहा जानकार बन खाते मे साढ़े नौ लाख भेजे जाने की फर्जी रसीद भेज हेयर सैलून संचालक को दो लाख रुपये का चूना लगा दिया। साइबर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव बेलरखां निवासी अनिल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि नरवाना में हेयर सैलून चलाता है। गत सात फरवरी को विदेश में रह रहे जानकार रमेश नैन की आईडी से मैसेंजर पर कॉल आई। परिवार के बारे में हालचाल जाना। फिर व्हाट्सअप पर भी बातचीत हुई। आरोपित ने उसका बैंक खाते का नंबर लेकर उसके व्हाट्सअप पर साढ़े नौ लाख की रसीद भेज दी। फिर कहा कि वह पंद्रह दिन के बाद आएगा और रुपये ले लेगा।

## बिजली गुल होने से बढ़ी लोगों की परेशानी, मौसम परिवर्तनशील, गर्मी से नहीं राहत के आसार

# रात को तेज हवा के साथ बारिश, दिन में गर्मी से राहत नही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते पिछले तीन दिनों से मौसम परिवर्तनशील बना हुआ है। रात को मौसम करवट ले रहा है। कभी बूंदाबांदी तो कभी हलकी बारिश हो रही है। दिन में मौसम साफ हो रहा है और गर्मी के साथ उमस भी बन रही है। बीती रात भी तेज हवा के साथ हलकी बारिश हुई। जिसके चलते कई इलाकों की बिजली गुल हो गई। बोर्ड तथा होर्डिंग उड़ गए। वीरवार को अधितम तापमान 39 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 27 डिग्री दर्ज



जींद। आसमान में छाए बादल।

किया गया। मौसम में आद्रता 22 प्रतिशत तथा हवा की गति छह किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार मौसम परिवर्तनशील बना हुआ है। आकाश में बादलवाई देखने की मिलेगी। हवा के साथ धूल उडऩे की संभावना है। तापमान मे इजाफा होगा। बुधवार रात को मौसम ने करवट ली। तेज हवा के साथ धूल उड़ी तो हलकी बारिश भी हुई। जिससे कई इलाको का बिजली गुल हो गई। दुकानों के बाहर लगे हार्डिंग तथा बोर्ड उखड़ गए। वीरवार को दिन का आगाज आंशिक बादलवाई के साथ हुआ। दिन चढऩे के साथ मौसम साफ हो गया और मौसम का मिजाज गर्म हो गया। हवा की गति कम होने के कारण मौसम में उमस बन गई। जिसने लोगों को दिनभर परेशान रखा। अधिकतम तापमान स्थिर बना रहा। जबकि न्यूनतम तापमान मे मामूली इजाफ हुआ। गर्मी के साथ बनी उमस से लोगों का परेशानी का सामना करना पड़ा। मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से मौसम में उतार चढाव बना हुआ है। आकाश में बादलवाई दिखाई भी देगी। हवा के साथ धूल उड़ने के साथ कही कही बूंदाबादी भी हो सकती है। तापमान मे इजाफा होगा।

### दुकानों के बाहर लगे हार्डिंग उखड़े



जींद। स्कूल बसों की जांच करते हुए कर्मी। फोटो :हरिभूमि

### पांच स्कूलों में 21 बसें जांची, साढ़े 62 हजार जुर्माना

**जींद।** जिला परिवहन विभाग की ओर से वीरवार को स्कूली बसों की जांच का अभियान चलाया गया। इस दौरान पांच स्कूलों में 21 बसों की जांच की गई। इसमें से आठ बसों में कैमरा, फस्र्ट एड बाक्स, फायर सिलिंडर, टैक्स व इंडिकेटर नहीं मिलने पर साढ़े 62 हजार रुपये का चालान किया गया। दो सप्ताह बाद यह अभियान वीरवार को चलाया गया है। इससे पहले हिट एंड रन केस व रोड रेफ्टी से संबंधित होने वाली बैठक के चलते बसों की जांच नहीं हो पाई थी। गौरतलब है कि सप्ताह में हर वीरवार को जिला परिवहन विभाग की टीम स्कूली बसों की जांच को लेकर अभियान चलाती है। जांच के लिए चार सदस्यीय टीम का गठन किया गया है। जिसमें जिला परिवहन विभाग कार्यालय से इंस्पेक्टर, एमवीआई, ट्रैफिक पुलिस से सब इंस्पेक्टर व जिला शिक्षा अधिकारी से एक प्रतिनिधि को शामिल किया जाता है। जिले में 350 से ज्यादा निजी स्कूल हैं।

## खबर संक्षेप

### एसडीएम ने अधिकारियों को जारी किए निर्देश

**जींद।** सफीदों के एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने बताया कि आने वाले मानसून के मौसम को देखते सभी विभाग आपसी तालमेल के साथ काम करें। किसी भी विभाग को कार्य करवाने में अगर कोई तकनीकी बाधा आ रही है तो उसके बारे में सूचित किया जाए ताकि समय पर समस्या का समाधान किया जा सके। एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने शहर में बरसाती पानी से जलभराव की समस्या के समाधान, शहर में नाले, सीवर व ड्रेनों की साफ -सफाई तथा अन्य विषयों पर संबंधित अधिकारियों को निर्देश जारी किए।

### योग दिवस के आयोजन के लिए तैयारियां प्रारंभ

**जींद।** महानिदेशक आयुष हरियाणा के निर्देशानुसार एवं उपायुक्त जींद के नेतृत्व में जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. अमित रोहिला की देखरेख में जिला जींद में 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन को सपुल एवं सुव्यवस्थित बनाने हेतु जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। इस संबंध में प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए उपायुक्त जींद द्वारा अतिरिक्त उपायुक्त जींद को जिला स्तर पर प्रशासनिक नोडल अधिकारी, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 नामित किया गया है।

### 298 बोतल देशी शराब सहित एक गिरफ्तार

**जींद।** सीआईए स्टाफ ने अवैध शराब तस्करी मामले में एक आरोपित को काबू कर उसके कब्जे से 298 बोतल देशी शराब बरामद की है। सीआईए जींद इंचार्ज अनूप सिंह ने बताया कि उनकी एक टीम जयंती देवी मंदिर के पास थी। तभी सूचना मिली कि सैनी मोहल्ला निवासी कृष्ण अपने मकान में भारी मात्रा में अवैध शराब रखे हुए है। सूचना के आधार पर पुलिस ने कृष्ण के मकान पर दबिश दी तो पुलिस पार्टी को देखकर कृष्ण फरार हो गया। पुलिस ने कृष्ण को काबू कर लिया और उसके मकान की तलाशी लेने पर 263 बोतल ठेका शराब देशी बरामद हुई।

### जनगणना के लिए नहीं मांगा जाता दस्तावेज

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि जनगणना 2027 के प्रथम चरण के तहत जिले में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य तेजी से जारी है। यह अभियान 30 मई तक पूरा किया जाएगा। आमजन से अपील की कि वे घर-घर पहुंच रहे प्रगणकों को सही एवं सटीक जानकारी देकर इस राष्ट्रीय कार्य में सहयोग करें। डीसी ने स्पष्ट किया कि जनगणना के दौरान प्रगणकों द्वारा किसी भी नागरिक से ओटीपी, बैंक संबंधी जानकारी या किसी प्रकार के दस्तावेज नहीं मांगे जाएंगे।

### चोरी के सामान सहित आरोपित गिरफ्तार

**जींद।** अलेवा पुलिस ने चोरी के मामले में चोरीशुदा सामान सहित एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। अलेवा थाना प्रभारी आत्माराम ने जानकारी देते बताया कि थाना अलेवा में शिकायतकर्ता मनपल पट्टी निवासी सोहन ने शिकायत देकर बताया था कि कौमिक ने उसके मकान से दो कट्टे गेहूं व ट्रैक्टर का कुछ जरुरी सामान चोरी कर लिया है। पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने तकनीकी जांच व साक्ष्यों के आधार पर आरोपित कौमिक को गिरफ्तार कर निशानदेही पर चोरी शुदा सामान बरामद कर लिया है।

### मोटरसाइकिल चोरी का आरोपित गिरफ्तार

**जींद।** सिविल लाइन थाना पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। थाना सिविल लाईन के प्रभारी पूजा ने बताया कि गांव बुटाना सोनीपत निवासी उमंग ने बताया कि वह कार्यवश जींद आया था। उसने अपनी मोटरसाइकिल को नया बस अड्डा पार्किंग में खड़ी की थी। कुछ समय बाद उसने अपनी मोटरसाइकिल को देखा तो किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसकी बाइक को चोरी पाया। पुलिस ने उमंग की शिकायत पर मामला दर्ज किया था। पुलिस ने तकनीकी जांच व साक्ष्यों के आधार पर गोंसाईखेड़ा निवासी मुकेश को गिरफ्तार कर लिया।

### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया

# डीएन मॉडल स्कूल का 10वीं कक्षा का रिजल्ट रहा शानदार

### स्कूल के 90 में से 55 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया

**भूमिका ने 491 अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान पाया**



बेहतरीन परीक्षा परिणाम आने पर खुशी व्यक्त करते स्कूल स्टाफ व बच्चे।



खुशी मनाते प्लस प्वाइंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल खापड़ में विद्यार्थी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा वीरवार को घोषित किए गए कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम में डीएन मॉडल स्कूल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शत-प्रतिशत परिणाम प्राप्त किया। विद्यालय के कुल 90 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी और सभी विद्यार्थी सफलतापूर्वक उत्तीर्ण हुए। इनमें से 55 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। परिणाम घोषित होने के उपलक्ष्य में विद्यालय परिसर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। प्राचार्या मीनाक्षी गुप्ता ने बताया कि छात्रा भूमिका ने 491 अंक 98.2% प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं वर्षा ने 488 अंक 97.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। तीसरे स्थान पर खुशी एवं नैतिक ने संयुक्त रूप से 485 अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते सामाजिक विज्ञान, गणित, संगीत एवं अंग्रेजी विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त किए। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि ने विद्यालय के उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण एवं शिक्षकों के समर्पण को सिद्ध किया है। समारोह में विद्यार्थियों के अभिभावक एवं शिक्षकगण भी उपस्थित रहे तथा सभी ने विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना की। उप प्राचार्या रुचि गुप्ता ने कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों की मेहनत एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। विद्यालय के निदेशक वीरेन्द्र ढिल्लो ने सभी सफल विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों एवं समस्त शिक्षकों को बधाई दी।

### प्लस प्वाइंट स्कूल का परिणाम सराहनीय

**उचाना।** प्लस प्वाइंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल खापड़ ने हरियाणा शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 10वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता का नया इतिहास रचा। 54 विद्यार्थियों में से 48 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया। 16 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किए। शिवानी पुत्री श्री जनेश ने 98.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर हरियाणा में 7वां स्थान प्राप्त किया। माफी ने 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर हरियाणा में 13वां, अंशुल ने 96.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर हरियाणा में 16वां, प्रिशा ने 96.4 प्रतिशत एवं मुस्कान ने 96.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर हरियाणा में 18वां स्थान प्राप्त किया। विद्यालय चेयरमैन एवं सीएमडी आरएम सांगवान ने विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों को इस शानदार सफलता पर हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्लस पॉइंट स्कूल भविष्य में भी इसी प्रकार श्रेष्ठ परिणाम देकर शिक्षा के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करता रहेगा।



जींद। बेहतरीन परीक्षा परिणाम आने पर खिलखिलाते चेहरे। फोटो :हरिभूमि

## रोहिला स्कूल के बच्चों ने लहराया दसवीं कक्षा के परिणाम में परचम

### ध्रुव ने प्राप्त किए 98 प्रतिशत अंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित दसवीं कक्षा के वार्षिक परीक्षा परिणाम में रोहिला स्कूल जुलाना के बच्चों ने एक बार फिर हरियाणा राज्य में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई है। यहां के छात्र ध्रुव बंसल ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। ध्रुव ने इंग्लिश विषय में 100 तथा साइंस में 99 सर्वाधिक अंक प्राप्त करते हुए कुल 500 में से 488 अंक प्राप्त किए हैं। इसी विद्यालय के छात्र आयुष खटकड़ ने 96 फीसदी अंक हासिल कर दूसरा स्थान प्राप्त किया। जबकि अक्षरा 94 प्रतिशत अंक लेकर तीसरे स्थान पर रही। विद्यालय आफि स से मिली जानकारी अनुसार कुल 48 बच्चों में से 23 मैरिट एवं 11 प्रथम श्रेणी के साथ परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। शानदार परीक्षा परिणाम के लिए मुख्ख्याध्यापिका निर्मल रोहिला ने विद्यालय स्टाफ , अभिभावकगण एवं विद्यार्थियों को बधाई दी व एक दिन के अवकाश की घोषणा की।

### कर्मचारियों को नियमित योग करने की सलाह दी

**जींद।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में पुलिस लाइन जींद में योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण दिया गया। हरियाणा योग आयोग एवं आयुष विभाग के तत्वावधान में पांच दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन पुलिस लाइन जींद से शुरू हुआ। आयुष विभाग जींद से जिला आयुर्वेद अधिकारी डा. अमित रोहिल्ला, योग कोऑर्डिनेटर डा. योगेश एवं योग स्पेशलिस्ट गोविंद के निर्देशन में योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण आयुष योग सहायक नवनीत एवं आयुष योग सहायक उषा द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। सभी कर्मचारियों ने बढ़चढ़कर भाग लिया। वहीं पुलिस विभाग से एएसआई मनोज मौजूद रहे। प्रोटोकॉल का उद्देश्य सभी कर्मचारी एवं अधिकारियों को मानसिक एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ रखने और नियमित योग करने के लिए प्रेरित करना इसका मुख्य उद्देश्य रहा, वहीं मनोज ने सभी कर्मचारियों को नियमित योग करने की सलाह दी।

## बच्चे लक्ष्य का निर्धारण कर बढ़ें आगे : गिल

### रिषिकुल स्कूल में प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



बच्चों को सम्मानित करने के बाद मिठाई खिलाते स्कूल प्रबंधक राजीव गिल।

नरवाना रोड स्थित रिषिकुल पब्लिक स्कूल में वीरवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में दसवीं व 12वीं की परीक्षाओं में अव्वल रहे छात्रों को सम्मानित किया गया। समारोह में प्रिंसिपल राजीव गिल ने सीबीएसई द्वारा घोषित 12वीं कक्षा का शानदार रिजल्ट आने व परीक्षा उत्त्रीण करने वाले छात्रों को भविष्य में इसी तरह मेहनत कर आगे बढने का आर्शीवाद दिया। सीबीएसई बोर्ड द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी नरवाना रोड स्थित रिषिकुल पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय के कुल 46 बच्चों ने परीक्षा दी और 17 बच्चों ने मैरिट में स्थान पाया। 93 प्रतिशत अंक हासिल कर महक प्रथम रही। जबकि 91 प्रतिशत अंक पाकर हीना द्वितीय व 88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रिया ने तृतीय स्थान हासिल किया। विद्यालय प्रिंसिपल राजीव गिल ने कहा कि विद्यालय अच्छे परीक्षा परिणाम के साथ-साथ बच्चों के लिए संपूर्ण गतिविधियों का आयोजन समय-समय पर करता रहता है। इसी का परिणाम है कि बच्चे हर क्षेत्र में आगे निकल रहे हैं। इसके अलावा बच्चों को स्कूल में बेहतरी अध्यापकों द्वारा नई तकनीकि आधारित शिक्षा प्रणाली से शिक्षा दी जाती है ताकि बच्चे अपने पाठ्यक्रम को प्रेक्टिकल माध्यम से भी आसानी से समझ सकें। बच्चों को उच्च कोटि की शिक्षा मुहैया करवाने के लिए विद्यालय परिवार पूरी तरह से कृतसंकल्प है।

## दिशांत 491 अंक लेकर स्कूल टॉपर

### 10वीं कक्षा के परिणाम में छाया सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद





जींद। सरस्वती स्कूल में बेहतरीन परीक्षा परिणाम आने पर खुशी व्यक्त करते हुए।

न्यू हांसी रोड जींद स्थित सरस्वती विद्या मंदिर वरिश्ट माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा दसवीं बोर्ड की परीक्षा में अपार सफलता हासिल करने पर विद्यार्थियों को आर्शीवाद देते विद्यालय प्रशासक सुनील शांडिल्य एवं स्टाफ ने खुशी व्यक्त की। शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित किए सैकेंडरी वार्षिक परिक्षा परिणाम में सरस्वती विद्या मंदिर के छात्र दिशांत ने 491 (98.2) % अंक ले प्रथम स्थान, विनय ने 487 (97.4) % अंक ले द्वितीय स्थान एवं तनीश ने 471 (94) % अंक ले विद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय प्रशासक सुनील शांडिल्य ने बताया कि फवरी 2026 में आयोजित सैकेंडरी बोर्ड की परीक्षा में 33 विद्यार्थी उतीर्ण हुए थे। जिसमें 100 % विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए एवं 19 विद्यार्थियों ने अर्थात 57 % ने मैरिट हासिल की और बाकी सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। गौरतलब है कि सीनियर सैकेंडरी परीक्षा परिणाम में भी विद्यालय की छात्रा कुमारी साक्षी ने 97.4 % अंक हासिल करते सभी छात्रों ने 100 % सफलता हासिल की थी। प्राचार्या रेखा शांडिल्य ने विद्यार्थियों की इस उत्कृष्ट सफलता पर समस्त स्टाफ एवं सभी विद्यार्थियों की प्रशंसा करते अपनी शुभकामनाएं दी।



जींद। सोनिका को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### सोनिका ने वुशु प्रतियोगिता में जीता कांस्य पदक

**जींद।** हिंदू कन्या महाविद्यालय की प्रतिभावान छात्रा सोनिका ने कश्मीर विश्वविद्यालय, श्रीनगर में 3-7 मई तक आयोजित हुई। अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालयी वुशु प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीता। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डा. पूनम मोर ने सोनिका को बधाई देते हुए कहा कि सोनिका ने अपनी कड़ी मेहनत और लगन से यह साबित कर दिया कि बेटियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। यह पदक पूरे कॉलेज के लिए गर्व का विषय है। प्राचार्या ने यह भी बताया कि छात्रा सोनिका की इस विशिष्ट उपलब्धि पर चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रामपाल सैनी ने सोनिका के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए उसे प्रोत्साहन स्वरूप 25 हजार की नकद राशि देने की घोषणा की है। छात्रा सोनिका जल्द ही वल्ड चैंपियनशिप के ट्रायल के लिए मेरठ जा रही है। उम्मीद है कि वह वहां से भी सफल होकर ही लौटेगी। शारीरिक शिक्षा विभाग की इंचार्ज नीलम और प्राध्यापिका डा. मीना ने बताया कि वह पिछले दो वर्षों से निरंतर अभ्यास कर रही थी। उन्होंने कहा कि सोनिका की इस सफलता ने अन्य छात्राओं को भी खेलों में आगे बढने के लिए प्रेरित किया है।

## ओम इंटरनेशनल स्कूल के 45 में से 33 विद्यार्थियों ने पाई मेरिट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

ओम इंटरनेशनल स्कूल दरोली खेड़ा का 10वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। प्राचार्या डिंपल अरोड़ा ने बताया कि 45 विद्यार्थियों में से 33 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया। छात्रा खुशी पुत्री संदीप उचाना खुर्द ने 96.8% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। विद्यालय प्रबंधन एवं प्राचार्या ने विद्यार्थियों, अभिभावकों तथा शिक्षकों को इस शानदार सफलता के लिए बधाई देते कहा कि मेहनत, अनुशासन और निरंतर प्रयास से ही सफलता प्राप्त होती है। विद्यालय भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट परिणाम देता रहेगा। श्री शिव मंदिर सनातन धर्म वमावि उचाना कला का 10वीं कक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। प्राचार्य रणधीर ने बताया कि 60 में से 23 बच्चों ने मेरिट प्राप्त की। यशिका पुत्री संदीप ने 475 अंक लेकर स्कूल में प्रथम स्थान पाया। वर्षा ने 471, रिद्धिमा ने 470 अंक प्राप्त कर स्कूल में द्वितीय, तृतीय स्थान पाया। मोनी ने संस्कृत विषय, विज्ञान विषय में 100 में से 100 अंक लेकर विद्यालय के नाम को गौर्वान्वित किया।

### एमडीएन स्कूल का परिणाम शानदार



छात्रा खुशी।

एमडीएन स्कूल अलीपुरा का 10वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। स्कूल संचालक योगेश ने बताया कि खुशी ने 96, गौरव ने 94, विनय ने 93 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल, क्षेत्र का नाम रोशन किया है। 33 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। 30 विद्यार्थियों ने मेरिट प्राप्त की। निरंतर शिक्षा के क्षेत्र में विद्यार्थी स्थान प्राप्त अपनी मेहनत के बूते पर कर रहे है।



जुलाना। स्कूल पहुंचने पर मेधावी छात्रों को सम्मानित करते स्कूल प्रशासन।

### छोटूराम स्कूल की हर्षिता जुलाना ब्लॉक में प्रथम

**जुलाना।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा के गतौली गांव के 10 वीं की परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। जिसमें छोटूराम स्कूल गतौली के छात्रों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए परचम लहराया है। स्कूल की छात्रा हर्षिता ने 489 अंक लेकर ब्लॉक में प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्कूल के 31 छात्रों ने मैरिट हासिल की है। छात्रों द्वारा 10 वीं की परीक्षा में किए गए प्रदर्शन से स्कूल और गांव में खुशी का माहौल बना हुआ है। मेधावी छात्रों को स्कूल पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रबंधक पुनम ढांडा ने की। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में स्कूल के डायरेक्टर जितेंद्र ढांडा ने शिरकत की। स्कूल के डायरेक्टर जितेंद्र ढांडा ने कहा कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 10 वीं की परीक्षा के परिणाम में छात्रों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। स्कूल की छात्रा हर्षिता ने 489 अंक, रीतु ने 488 अंक, अंशु ने 477, निधी ने 477, खुशबु ने 476ख रीषु ने 474 अंक प्राप्त किए। इस तरह कुल 56 छात्रों में से 31 विद्यार्थियों ने मैरिट हासिल करते 400 से उपर अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया है। ढांडा ने कहा कि मेधावी छात्रों के साथ उन्हें पढ़ाने वाले शिक्षकों प्रदीप सोनू व स्वरूप को 11 हजार देकर स्कूल प्रशासन द्वारा सम्मानित किया गया।

### उपायुक्त के मार्गदर्शन में शुगर मिल के एमडी ने समाधान शिविर में सुनीं लोगों की समस्याएं

**शिकायत का पारदर्शी और तय समय सीमा के भीतर निपटान सुनिश्चित किया जाए**

## समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा समाधान : गुलजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। जन समस्याएं सुनते एमडी गुलजार मलिक। फोटो :हरिभूमि

लघु सचिवालय के सभागार में उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा के मार्गदर्शन में शुगर मिल के एमडी गुलजार मलिक ने वीरवार को आयोजित समाधान शिविर में पहुंच कर आमजन की समस्याएं एवं शिकायतें सुनीं तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। शिविर में विभिन्न विभागों से जुड़े मामलों को लेकर पहुंचे लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया और मौके पर ही समाधान करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर एमडी गुलजार मलिक ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि आमजन की समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। समाधान शिविर में प्राप्त प्रत्येक शिकायत का नियमानुसार पारदर्शी और तय समय सीमा के भीतर निपटान सुनिश्चित किया जाए ताकि लोगों को समय पर राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं और सेवाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार आमजन को सरल, सुगम और जवाबदेह प्रशासन उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से लगातार कार्य कर रही है। इसी सोच के साथ समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं ताकि लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें और एक ही स्थान पर संबंधित विभागों के अधिकारियों की मौजूदगी में उनकी समस्याओं का समाधान हो सके। उन्होंने बताया कि जिला एवं उपमंडल स्तर पर प्रत्येक सोमवार और वीरवार को सुबह 10 बजे से 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जाते हैं जहां विभिन्न विभागों के अधिकारी एक ही छत के नीचे उपस्थित रह कर आमजन की शिकायतें सुनते हैं और अधिकतर मामलों का मौके पर ही समाधान करने का प्रयास किया जाता है।

## शिव गुरूकुलम की छात्रा प्रियांशी ढिल्लों ने जिले में तृतीय स्थान पाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना



शिव गुरूकुलम छात्तर का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। प्रिंसिपल राजबाला ने बताया कि 41 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। 35 विद्यार्थियों ने मेरिट प्राप्त की। प्रियांशी 99 प्रतिशत अंक लेकर जिले में तीसरे स्थान पर रही। पायल, राखी, मनप्रीत, आर्यन, अंशुल, तमन्ना, अंकुश, तमन्न, खुशी ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया। स्कूल चेयरमैन शेखर अग्रवाल, संचालक मनोज कुमार ने स्कूल स्टॉफ, विद्यार्थियों, अभिभावकों को बधाई दी। जिले में तीसरे स्थान पर रही डाहोला गांव की प्रियांशी ढिल्लों ने कहा कि उसके पिता नरेश ढिल्लों खेती करते है तो माता ऊषा रानी प्राइवेट स्कूल में टीचर है। स्कूल से आने के बाद वो 6 से 7 घंटे पढ़ाई करती थी। उसके पिता एमए पास है तो माता ने बीए की है। मोबाइल से वो दूर रही है। कोई भी सोशल मीडिया पर उसका अकाउंट नहीं है। पांच भाई बहनों में वो दूसरे नंबर पर है। जेईई को लेकर वो कोचिंग ले रही है। पढ़ाई के दौरान किसी तरह की कोई परेशानी होती थी तो उसकी माता उसकी मदद करती थी। इस सफलता का श्रेय माता-पिता एवं स्कूल स्टॉफ का दिया।

**खबर संक्षेप**

## डीसी ने किया सरोवर के मॉडल का निरीक्षण

**कैथल।** वृद्घकेदार सरोवर के बीचों-बीच नगर परिषद कैथल द्वारा बर्ड हाऊस तैयार किया जाएगा। जिसमें पक्षी आश्रय ले सकेंगे। इसके अलावा वृद्घकेदार सरोवर में बनाए गए पैदल चलने के रास्ते सहित इसमें फव्वारों, म्यूजिक सिस्टम, बिजली व्यवस्था व अन्य कार्य करते हुए इसका जीर्णोद्धार किया जाएगा। डीसी अपराजिता ने इस संबंध में नगर परिषद अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने आर्य प्रयास संगठन द्वारा तैयार किए गए वृद्घकेदार सरोवर के जीर्णोद्घार मॉडल का निरीक्षण किया और आवश्यक सुधार के भी निर्देश जारी किए।

## उपायुक्त ने आमजन की समस्याएं सुनीं

**कैथल।** डीसी अपराजिता ने लघु सचिवालय स्थित समाधान शिविर में जिलेभर से पहुंचे नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को शिकायतों का समयबद्ध एवं प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के निर्देश दिए। शिविर में परिवार पहचान पत्र,राशन कार्ड, आय संशोधन तथा राजस्व विभाग से संबंधित कई शिकायतें प्राप्त हुई। डीसी अपराजिता ने कहा कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में समाधान शिविर आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान का प्रभावी माध्यम बन रहे हैं।

### छात्रा स्नेहा राविश ने 493 अंक प्राप्त कर प्रदेश में 7वां स्थान हासिल किया

# न्यू टैगोर स्कूल किठाना का 10वीं परिणाम रहा शानदार

**54 विद्यार्थियों में से 35 ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया**



**राजौंद।** न्यू टैगोर सीनियर सेकेंडरी स्कूल किठाना के मेधावी विद्यार्थी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजौंद

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में गांव किठाना के न्यू टैगोर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय के कुल 54 विद्यार्थियों में से 35 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

विद्यालय की छात्रा स्नेहा राविश पुत्री राजेश कुमार ने 493 अंक (98.6%) प्राप्त कर हरियाणा प्रदेश में 7वां स्थान हासिल किया। वहीं स्नेहा चहल पुत्री कुलदीप चहल ने 489 अंक (97.8%) लेकर विद्यालय में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अवनी कुंडू पुत्री राम जुआरी कुंडू ने 487 अंक (97.4%) के साथ तृतीय स्थान तथा रीतिका शर्मा पुत्री सोमदत्त शर्मा ने 485 अंक (97%) लेकर चौथा स्थान हासिल किया।

इस उत्कृष्ट परिणाम पर विद्यालय के प्रबंधक हरपाल ढांडा, डिप्टी डायरेक्टर अशोक कुमार तथा प्रधानाचार्य अरविंद शर्मा ने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों और स्टाफ को बधाई दी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का यह परिणाम है।

## आरोही मॉडल स्कूल सोंगरी का परिणाम रहा शत-प्रतिशत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजौंद







आरोही मॉडल स्कूल सोंगरी का 10 वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। प्राचार्या डॉ. सुनीता आहुजा ने बताया कि कक्षा 10वीं की परीक्षा में कुल 49 विद्यार्थी सम्मिलित हुए थे, जिनमें से सभी विद्यार्थी अच्छे अंकों के साथ उत्तीर्ण हुए। विद्यालय का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। उन्होंने बताया कि कुल 30 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया, जिनमें से 19 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। विद्यालय की मेधावी छात्रा प्रीति ने 500 में से 481 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, तनु शर्मा ने 479 अंक लेकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि अंजलि ने 476 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। सामाजिक विज्ञान विषय में तीन विद्यार्थियों ने 100 में से 100 अंक प्राप्त किए, वहीं संगीत विषय में दो विद्यार्थियों ने पूर्णांक हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।

विद्यालय प्रशासन ने इस शानदार उपलब्धि पर सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को हार्दिक बधाई दी। प्राचार्या ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों की लगन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है।

## शत-प्रतिशत रिजल्ट की खुशी में लड्डू वितरित

**कैथल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय,बुढ़ाखेड़ा की कक्षा बारहवीं का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा । स्टाफ सदस्यों ने अपनी ओर से इस खुशी में स्कूल के सभी बच्चों को लड्डू बांटे। विद्यालय के अंग्रेजी के प्राध्यापक बूटा सिंह ने बताया कि ऐसा शानदार रिजल्ट विद्यालय के अध्यापकों व प्राध्यापकों की अथक मेहनत का परिणाम है । विद्यालय के प्रधानाचार्य हाकिम सिंह व विद्यालय इंचार्ज दिलबाग सिंह ने रिजल्ट के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि बारहवीं कक्षा में कुल 55 विद्यार्थी थे जिसमें कॉमर्स के 20 व आट्र्स के 35 बच्चे थे ,सभी बच्चे उत्तीर्ण रहे । कुल 11 मेरिट व 25 फर्स्ट डिविजन के साथ बच्चों ने बहुत अच्छे अंक लेकर विद्यालय के परीक्षा परिणाम को और बेहतर बनाया । छात्रा अंजलि सपुत्री बलजिंदर ने 467/500अंक लेकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। परिणाम से खुश होकर सभी स्टाफ सदस्यों ने अपनी ओर से सभी बच्चों को आज प्रार्थना सभा में लड्डू बांटकर अपनी खुशी जताई। इस अवसर पर प्राध्यापक सतपाल , नरेंद्र कुमार, पाला राम, राजीव शर्मा,गायत्री देवी, सारिका ,शालू ,डिंपल,सीमा रानी समेत अध्यापक बंसी लाल, प्रवीण , राजेश शर्मा, राजेन्द्रपाल, सोनिया,हिमानी,रामनिवास, शमशाद अली आदि सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे ।

## एएससी स्कूल का परिणाम रहा शानदार



**पूंडरी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 10वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में एएससी सीनियर सेकेंडरी स्कूल पूंडरी के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर स्कूल का नाम रोशन किया। स्कूल के 28 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान बनाया, जबकि 50 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण रहे। परीक्षा परिणाम में रितु देवी पुत्री सतपाल ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं तमन्ना पुत्री गुरदीप ने 91.2 प्रतिशत तथा वंशिका पुत्री ओमप्रकाश ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों की इस सफलता से स्कूल परिसर में खुशी का माहौल रहा। स्कूल की प्रधानाचार्या गीता केशवर, गवर्निंग बॉडी के प्रधान सुदेश कुमार बंसल, मैनेजर विवेक बंसल तथा सभी सदस्यों ने विद्यार्थियों, अभिभावकों और स्टाफ सदस्यों को इस सफलता का श्रेय दिया।

## ज्ञान दीप वमावि का परीक्षा परिणाम रहा शानदार



**राजौंद।** ज्ञान दीप वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का परीक्षा परिणाम हर वर्ष की तरह इस बार भी शत प्रतिशत रहा। विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। परीक्षा परिणाम में यशिका पुत्री यशपाल ने 500 में से 495 अंक प्राप्त कर ब्लॉक स्तर पर दुसरा स्थान प्राप्त किया तथा जिला स्तर पर तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं श्रुति पुत्री राजेंद्र ने 494 अंक लेकर ब्लॉक स्तर पर तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा नोबेशिका पुत्री सोमदत्त ने 484 अंक लेकर विद्यालय में तृतीय स्थान हासिल किया। विद्यालय के कुल 28 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया, जबकि 30 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होकर शानदार प्रदर्शन किया।

## पीएम श्री रावमावि सोंगल का परिणाम शत-प्रतिशत

पीएम श्री गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल सोंगल ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की मार्च 2026 में आयोजित सेकेंडरी एवं सीनियर सेकेंडरी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शत-प्रतिशत परिणाम हासिल किया है। विद्यालय के प्राचार्य रमेश कुमार ने बताया कि सेकेंडरी (दसवीं) परीक्षा में कुल 67 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी और सभी विद्यार्थी सफल रहे। विद्यालय को कुल 25 मेरिट प्राप्त हुईं। इस परीक्षा में प्रीति ने 490/500 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। रिया ने 479/500 अंक लेकर द्वितीय तथा मुस्कान ने 475/500 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं सीनियर सेकेंडरी (बारहवीं) परीक्षा में कुल 73 विद्यार्थियों ने पंजीकरण करवाया, जिनमें से 72 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी और सभी 72 विद्यार्थी सफल रहे। विद्यालय ने 36 मेरिट प्राप्त कर उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज की। इस परीक्षा में प्रीति शर्मा ने 481/500 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

# गुहला के दो दर्जन प्राथमिक स्कूलों में शिक्षकों की भारी कमी, बच्चों का भविष्य प्रभावित: नरेश ढांडे

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुहला चीका

हलका गुहला के करीब दो दर्जन सरकारी प्राथमिक विद्यालयों में अध्यापकों की भारी कमी को लेकर वरिष्ठ नेता नरेश ढाण्डे ने चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि सरकार शिक्षा व्यवस्था सुधारने के बड़े-बड़े दावे कर रही है, लेकिन जमीनी स्तर पर ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों की स्थिति बेहद चिंताजनक बनी हुई है। कई विद्यालय एक ही शिक्षक के सहारे संचालित हो रहे हैं, जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। नरेश ढाण्डे ने बताया कि हलके के लगभग 24 प्राथमिक विद्यालयों में स्वीकृत पदों के मुकाबले शिक्षकों की संख्या बेहद कम है। ऐसे में एक अध्यापक पर कई कक्षाओं को पढ़ाने का भार पड़ रहा है, जिससे विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नहीं मिल पा रही। कहा कि प्राथमिक शिक्षा बच्चों की नींव होती है और यदि इसी स्तर पर शिक्षा व्यवस्था कमजोर रहेगी तो विद्यार्थियों का भविष्य प्रभावित होना तय है। ग्रामीण क्षेत्रों के गरीब परिवार अपने बच्चों को सरकारी स्कूलों में पढ़ाते हैं और उनके पास निजी विद्यालयों का विकल्प भी नहीं होता। इसके बावजूद शिक्षा विभाग इन विद्यालयों की ओर पर्याप्त ध्यान नहीं दे रहा। ढाण्डे ने हरियाणा के शिक्षा मंत्री व संबंधित अधिकारियों से मांग की कि गुहला हलके के प्राथमिक विद्यालयों में रिक्त पड़े अध्यापकों के पदों को जल्द भरा जाए।

**इन स्कूलों में शिक्षकों की कमी**

| | | | |
|---|---|---|---|
| राजकीय प्राथमिक पाठशाला | भाटिया | राजकीय प्राथमिक पाठशाला | हेमू माजरा |
| राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय | अगोंध | राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय | टटियाना |
| राजकीय प्राथमिक पाठशाला थेह | बीरथ | राजकीय प्राथमिक पाठशाला | बुढ़नपुर |
| राजकीय कन्या मॉडल प्राथमिक विद्यालय | भागल | राजकीय प्राथमिक पाठशाला | मंजेहड़ी |
| राजकीय प्राथमिक पाठशाला | भूंसला | राजकीय प्राथमिक पाठशाला | डेरा भावलपुर |
| राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय | खरौली | राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय | गुहला |
| राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय | चीका | राजकीय प्राथमिक पाठशाला | भूना |
| राजकीय कन्या प्राथमिक पाठशाला | चीका | राजकीय प्राथमिक पाठशाला | खरकड़ा |
| राजकीय प्राथमिक पाठशाला | कुस्याल माजरा | राजकीय प्राथमिक पाठशाला डेरा | बनेहड़ा |
| राजकीय प्राथमिक पाठशाला | सलीमपुर | राजकीय प्राथमिक पाठशाला | सरकपुर |
| राजकीय प्राथमिक पाठशाला | बलबेहड़ा | राजकीय प्राथमिक पाठशाला | चाणचक |

## खरीफ फसलों के दाम नाकाफी : माजरा

**पाई।** बढ़ाये गए न्यूनतम समर्थन मूल्य को ऊंट के मुंह में जीरे के समान बताया है। माजरा ने बताया कि धान के न्यूनतम समर्थन मूल्य में केवल 72 रुपए प्रति क्विंटल की वृद्धि की गई है, जबकि पिछले वर्ष की अपेक्षा लागत मूल्य में लगभग 500 से 700 रुपए प्रति क्विंटल से अधिक की वृद्धि हो चुकी है। उन्होंने बताया कि एक एकड़ में से किसान के लगभग 25 क्विंटल धान निकलती है। जिससे किसानों को प्रति एकड़ केवल 1750 रुपए की ही बढ़ोतरी मिल पाएगी। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष की अपेक्षा प्रति एकड़ लगभग 10 से 15 हजार रुपए प्रति एकड़ खर्च बढ़ गया है। जिससे किसानों को काफी नुकसान होगा। बताया कि सरकार द्वारा 1627 रुपये प्रति क्विंटल लागत मूल्य आंका गया है, जो काफी काम है।

**विद्यार्थियों ने लहराया सफलता का परचम**

# डीएवी स्कूल चीका का परीक्षा परिणाम रहा ऐतिहासिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुहला-चीका

डीएवी वरिष्ठ माध्यमिक पब्लिक स्कूल चीका ने इस वर्ष केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए शिक्षा क्षेत्र में अपनी श्रेष्ठता एक बार फिर साबित की है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर न केवल स्कूल बल्कि अपने अभिभावकों और पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद विद्यालय परिसर में खुशी, उत्साह और गर्व का माहौल देखने को मिला।

विद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में उल्लेखनीय अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा, अनुशासन और कठिन परिश्रम का परिचय दिया। कई विद्यार्थियों ने जिला एवं क्षेत्र स्तर पर उत्कृष्ट स्थान हासिल कर विद्यालय की उपलब्धियों में नया अध्याय जोड़ा। विद्यार्थियों की सफलता ने अन्य छात्रों को भी मेहनत और समर्पण के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी है। विद्यालय में सफल विद्यार्थियों के सम्मान में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय की छात्रा जसमीत कौर ओलक ने कला संकाय में 97.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में पहला स्थान हासिल किया। वहीं हरमीत ने वाणिज्य संकाय में 97.2 प्रतिशत अंक लेकर दूसरा स्थान प्राप्त किया तथा मनदीप कौर ने 96.8 प्रतिशत अंक लेकर तीसरा स्थान हासिल किया। इसके अलावा भी कई विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में उच्च अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यालय के प्राचार्य ने विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का प्रतिफल है।





## डीएवी स्कूल का 12वीं का परीक्षा परिणाम शानदार, कनन 93.4% के साथ टॉपर

**पूंडरी।** सीबीएसई बोर्ड द्वारा घोषित 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में डीएवी पब्लिक स्कूल पूंडरी के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर स्कूल का नाम रोशन किया। परीक्षा परिणाम घोषित होने पर स्कूल परिसर में खुशी का माहौल रहा। कार्यकारी प्राचार्य सुशील कुमार ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को बधाई देते उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विज्ञान संकाय की छात्रा कनन नंदराजोग ने 93.4 % अंक प्राप्त कर स्कूल में पहला स्थान हासिल किया। वाणिज्य संकाय से देवयांशी ने 92 प्रतिशत अंक तथा चिकित्सा संकाय से अंजली ने 89.8 प्रतिशत अंक लेकर बेहतरीन प्रदर्शन किया। विषयवार प्रदर्शन में विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय अंक हासिल किए। शमशेर सिंह, विकास जैन, नरेश आदि मौजूद रहे।

## ध्रुव पब्लिक स्कूल फतेहपुर का बारहवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत



**पूंडरी।** ध्रुव पब्लिक स्कूल का बारहवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम इस वर्ष भी शत-प्रतिशत रहा। उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम आने पर विद्यालय परिसर में खुशी, उत्साह और उमंग का वातावरण देखने को मिला। विद्यार्थियों की शानदार उपलब्धि पर स्कूल प्रशासन एवं प्रिंसिपल प्रवीण ढिल्लो ने सभी विद्यार्थियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। बच्चों को फूल-मालाएँ पहनाकर, गले लगाकर तथा मिठाई खिलाकर उनका अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने भी अपने शिक्षकों, प्रिंसिपल मैडम एवं विद्यालय प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त करते विद्यालय की शिक्षा व्यवस्था और अनुशासन की भरपूर प्रशंसा की। विद्यार्थियों ने कहा कि विद्यालय के शिक्षकों के मार्गदर्शन और निरंतर मेहनत की बदौलत ही वे इस मुकाम तक पहुँच पाए हैं। विद्यालय की होनहार छात्र अदिति शर्मा ने 92% अंक लेकर शानदार प्रदर्शन करते विद्यालय की उपलब्धियों में चार चाँद लगाए।

## श्वेता रॉयल स्कूल का परिणाम शानदार विद्यार्थियों ने लहराया सफलता का परचम

**पूंडरी।** श्वेता रॉयल पब्लिक स्कूल ने एक बार फिर सीबीएसई 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में शानदार प्रदर्शन करते शैक्षणिक उत्कृष्टता साबित की है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम अत्यंत सराहनीय रहा, जिसमें विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर स्कूल व क्षेत्र का नाम रोशन किया। विज्ञान संकाय के छात्र सचिन ने 95.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। खास बात यह रही कि उन्होंने बिना किसी ट्यूशन और कोचिंग के अपनी मेहनत, लगन और आत्मविश्वास के दम पर यह उपलब्धि हासिल की। वहीं विज्ञान संकाय के ही ओंकार सिंह ने बायोलॉजी विषय में 90 अंक प्राप्त किए।




**पूंडरी।** स्कूल स्टाफ के साथ परीक्षा परिणाम में अव्वल रहे विद्यार्थी।

## आरपीएस स्कूल : स्वाति ने 99.6, ईप्शा ने 99.2, अक्षिता ने 99 व वनिशा ने 98.8 प्रतिशत अंक हासिल कर रचा इतिहास

**12वीं के 153 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए**

**महेंद्रगढ़।** सीबीएसई बोर्ड द्वारा 12वीं कक्षा के घोषित नतीजों में आरपीएस संस्था की विद्यार्थी स्वाति सिंह ने 99.6 प्रतिशत, ईप्शा डागा ने 99.2, अक्षिता धिमान ने 99 , वनिश जैन ने 98.8 , तन्नु ने 98.6 , उमंग यादव ने 98.6 , विशाल ने 98.4 , अंकिता ने 98.4, भाविका सिंह, मीनाक्षी भाटी, हिमाक्षी व वान्या यादव ने 98.4 , निकिता यादव ने 98.2 , वृति ने 98 फीसदी अंक हासिल कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। आरपीएस के 458 विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में 100 में से 100 अंक हासिल किए। सीईओ इंजि. मनीष राव ने कहा कि गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी आरपीएस संस्था ने सांईस मेडिकल एवं नॉन मेडिकल कॉमर्स व ह्यूमेनिटिज में अपनी परंपरा का परिणाम दिया है। आरपीएस की स्वाति सिंह ने 99.6 प्रतिशत, ईप्सा डागा ने 99.2 , अक्षिता धिमान ने 99 , वनिषा जैन ने 98.8 , तन्नु ने 98.6 , उमंग यादव ने 98.6 , विशाल ने 98.4 , अंकिता ने 98.4 , भाविका सिंह, मिनाक्षी भाटी, हिमाक्षी व वान्या यादव ने 98.4 , निकिता यादव ने 98.2 , वृति ने 98 , नमन, गरिमा, रितिका, वंशिका व चिराग ने 97.8 , धारवी यादव, अर्पित व सानवी शर्मा ने 97.6 , वंशिका सोनी, बलकेश, समृधि सारा व साईस्मृति साहू ने 97.4 , निहारिका यादव, ईशिका, साहिल, वेदांशि, तनिश कुमार, भव्या सतिजा व निर्मल ने 97.2 प्रतिशत अंक हासिल किए।

# जाट शाइनिंग स्टार पब्लिक स्कूल ने 12वीं के परिणाम में रचा इतिहास




**कैथल।** जाट शाइनिंग स्टार पब्लिक स्कूल कैथल के विद्यार्थियों को सम्मानित करते पदाधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

**मेधावी छात्र-छात्राओं ने बढ़ाया जिले का मान**

शहर के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान जाट शाइनिंग स्टार पब्लिक स्कूल कैथल ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 12वीं के सत्र 2025-26 के परिणामों में ऐतिहासिक सफलता का परचम लहराया है। इस शानदार उपलब्धि में विद्यालय के कुल 28 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त कर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता को सिद्ध किया है। परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में हर्ष एवं उल्लास का माहौल छा गया, जहाँप्रधानाचार्य मिस्टर पंकज गुप्ता और प्रबंधक कमेटी के पदाधिकारियों ने सभी मेधावी बच्चों को मेडल पहनाकर और मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य मिस्टर पंकज गुप्ता ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि तीनों संकायों में विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। कला संकाय में वंशिका ने 92.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, प्रीति ने 90 प्रतिशत के साथ द्वितीय तथा रिधिमा ने 86.6 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान हासिल किया। विज्ञान संकाय में आसना ने 90.4 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया, जबकि भूमिका 88.4 % के साथ द्वितीय तथा खुशी (पुत्री रामबीर) 87.4 % अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहीं। वाणिज्य संकाय में अंजलि ने 91.4 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम और वंदना ने 89.8 % अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विषयवार प्रदर्शन में भी विद्यालय के छात्रों ने रिकॉर्ड कायम किए हैं, जिसमें चित्रकला में पूर्ण 100 अंक, अंग्रेजी व हिंदी में 98 अंक, भूगोल व राजनीति विज्ञान में 95 अंक, शारीरिक शिक्षा में 94 अंक और अर्थशास्त्र में 93 अंक प्राप्त कर विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

**कार्यक्रम** कलश यात्रा में 251 मातृशक्ति ने सिर पर कलश धारण कर श्रद्धा और अनुशासन का परिचय दिया

# श्री गीता भवन मंदिर के निर्माण के 6 दशक बाद, भगवान शिव व मां दुर्गा की नवनिर्मित मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा

- **श्री गीता भवन मंदिर में दिव्य मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा में दिखा भक्ति और सांप्रदायिक सौहार्द का अनूठा संगम**

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल



**कैथल।** गीता भवन मंदिर के प्रधान कैलाश भगत शोभा यात्रा को रवाना करते।

छोटी काशी के नाम से विख्यात कैथल शहर में आज भक्ति और सांप्रदायिक सौहार्द का एक ऐसा अनूठा संगम देखने को मिला, जिसने इतिहास के पन्नों में अपना नाम दर्ज करा लिया। वर्ष 1966 में स्थापित श्री गीता भवन मंदिर के निर्माण के लगभग 6 दशक बाद, गुरुवार को भगवान शिव, श्री राम दरबार और मां दुर्गा की नवनिर्मित दिव्य मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में शहर में अब तक की सबसे भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। इस ऐतिहासिक आयोजन की सबसे बड़ी विशेषता कैथल की 36 बिरादरी की एकजुटता रही। मंदिर के प्रधान कैलाश भगत के नेतृत्व में निकली इस भव्य शोभा यात्रा का शहर की 35 से अधिक सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं ने पलकें बिछाकर स्वागत किया। पूरे शहर में /"जय श्री राम/" और /"हर-हर महादेव/" के उद्घोष गुंजायमान रहे। कैलाश भगत, प्रधान, श्री गीता भवन मंदिर ने कहा कि आज कैथल ने सिद्ध कर दिया कि जब नियत साफ हो और समाज की 36 बिरादरी एक साथ चले, तो इतिहास बनता है।

यह भव्यता कैथल की एकता की जीत है। कलश यात्रा में 251 मातृशक्ति ने सिर पर कलश धारण कर श्रद्धा और अनुशासन का परिचय दिया। कमेटी चौक से लेकर पिहोवा चौक, पुराना बस स्टैंड और सीवन गेट तक सहित पूरे रास्ते में विभिन्न संस्थाओं ने श्रद्धालुओं पर फूलों की वर्षा की और जलपान के स्टॉल लगाए। कुरुक्षेत्र के विधायक अशोक अरोड़ा, नगर परिषद चेयरपर्सन सुरभि गर्ग, पुंडरी विधायक सतपाल जांबा, वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश नोच, सुमित गर्ग और राम प्रताप गुप्ता सहित कई सामाजिक एवं राजनीतिज्ञ हस्तियों ने पुष्प वर्षा कर शोभा यात्रा का अभिनंदन किया। संतों के सान्निध्य ने आयोजन को और भी गरिमामय बना दिया।

महंत हरीश जी शास्त्री, महंत रमनपुरी जी, महंत राघव दास जी शास्त्री और महंत ईश्वर दास जी के आशीर्वाद से वातावरण पूरी तरह आध्यात्मिक हो गया। प्रधान कैलाश भगत ने बताया कि 15 मई को सुबह प्रातः 9:00 से 11:00 बजे तक मुख्य मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा समारोह भी श्री गीता भवन मंदिर में होगा जिसके पश्चात प्रभु इच्छा तक विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा।

**ये रहे उपस्थित**

इस अवसर पर सरदार मनिंदर सिंह प्रधान गुरुतेग बहादुर सेवा दल,प्रदर्शन परुथी, प्रधान पंजाबी सेवा सदन,पार्षद प्रतिनिधि रजत थरेजा, सुषम कपूर,कृष्ण नारंग,नितिन गुगनानी, ,अशोक मित्तल, सुभाष नारंग,राजेंद्र खुराना,राम किशन डिगानी, इन्द्रजीत सरदाना,योग राज बत्रा प्रधान रामकुटिया,राज कुमार मुखीजा आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### अनधिकृत कॉलोनी में न करें प्लॉटों की रजिस्ट्री

**जींद।** जिला नगर योजनाकार मनीष दहिया ने जींद शहरी क्षेत्र में बिना अनुमति विकसित की जा रही अनधिकृत कॉलोनियों को लेकर जरूरी निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि गोबिंदपुरा राजस्व क्षेत्र में बिना लाइसेंस, सीएलयू और विभागीय अनुमति के कॉलोनी विकसित किए जाने का मामला सामने आया है। इस मामले में विभाग द्वारा नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। जिला नगर योजनाकार ने बताया कि गोबिंदपुरा के खसरा नंबर 35//11 मिन, 18, 19, 20, 21, 22 व 23 में प्लॉट या छोटे भूमि खंडों के रूप में किसी भी तरह की रजिस्ट्री, एग्रीमेंट टू सेल, फुल पेमेंट एग्रीमेंट या पावर ऑफ अटॉर्नी करने से फिलहाल मना किया गया है।

### योगिता को आज मिलेगा उचाना गौरव पुरस्कार

**उचाना।** 12वीं कक्षा में प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त प्राप्त करने वाली शिक्षा भारती ग्लोबल स्कूल की छात्रा योगिता काकड़ोद को उचाना गौरव पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। 15 मई को उपमंडल कार्यालय कांफ्रेसहॉल में सम्मान समारोह का आयोजन होगा। उचाना सेवा गुरप द्वारा इसका आयोजन किया जा रहा है। गुरप संयोजक मा. रामप्रसाद ने बताया कि एसडीएम रमित यादव की अध्यक्षता में योगिता काकड़ोद को उचाना गौरव पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। बेटी ने उचाना के नाम को पूरे प्रदेश में रोशन करने का काम किया है। ग्रामीण अंचल की बेटी ने साबित किया है बेटी भी बेटे की तरह माता-पिता, क्षेत्र का नाम रोशन कर सकती है।

### चेक बाउंस के मामले में घोषित अपराधी गिरफ्तार

**कैथल।** इकोनॉमिक सेल प्रभारी इंस्पेक्टर ओमप्रकाश की अगुवाई में एएसआई रामपाल द्वारा चेक बाउंस मामले में पीओ आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एएसआई रामपाल की टीम द्वारा आरोपी समाना पंजाब निवासी जोगिंद्र सिंह को नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। जो वर्ष 2021 दौरान चेक बाउंस मामले में माननीय अदालत द्वारा 5 अप्रैल 2025 को पीओ घोषित किया गया था। आरोपी किसी अन्य मामले में कैथल जेल में बंद था। जिसकी उक्त मामलो में गिरफ्तारी के लिए माननीय न्यायालय की मार्फत प्रोडक्शन वारंट जारी करवाए गए थे।

### पीएनबी राजौंद को मिला नया शाखा प्रबंधक

**राजौंद।** लगभग एक माह से पीएनबी की राजौंद शाखा में शाखा प्रबंधक का पद खाली होने से बैंक ग्राहकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। राजौंद के पुर्व शाखा प्रबंधक पंकज गोयल का 15 अप्रैल को यहां से तबादला कैथल हो गया था। जिससे बैंक से जुड़े कई महत्वपूर्ण कार्य शाखा प्रबंधक के हस्ताक्षर के बिना पूरे नहीं हो पा रहे थे, जिससे अनेक कार्य लंबित पड़े हुए थे। गुरुवार सुबह गुहला चीका से तबादला होकर आए संदीप कुमार ने राजौंद शाखा में नए शाखा प्रबंधक के रूप में कार्यभार संभाल लिया। शाखा प्रबंधक संदीप कुमार ने बताया कि उनका उद्देश्य बैंक की सभी सेवाएं सुचारु रूप से उपलब्ध करवाना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में रबी फसल के भुगतान किसानों के खातों में आने और पेंशन वितरण के कारण नकदी की कुछ कमी चल रही है, लेकिन जल्द ही इस समस्या का समाधान कर लिया जाएगा।

**मॉक ड्रिल:** कमेटी चौक पर स्कूल भवन धंसा, पांच लोगों को निकाला बाहर

# बाढ़ के समय आपात स्थिति में राहत और बचाव कार्यों का किया पूर्वाभ्यास

## सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची राहत व बचाव टीम, पूरी तत्परता से दिया अपने काम को अंजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल


**कैथल।** आपदा प्रबंधन से संबंधित मॉक ड्रिल करते कर्मचारी। *फोटो : हरिभूमि*

बाढ़ आपदा की स्थिति में बचाव कार्यों की तैयारियों को परखने के लिए वीरवार को डीसी अपराजिता के मार्गदर्शन में दो स्थानों पर मॉक ड्रिल की गई। यह अभ्यास लघु सचिवालय स्थित सरल केंद्र व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खंडा साहब चौक पर किया गया।

मॉक ड्रिल के दौरान परिकल्पना की गई कि अत्यधिक बारिश और बाढ़ की वजह से दोनों भवनों का एक एक हिस्सा धंस गए हैं और उनमें लोग फंस गए हैं। साथ ही शॉर्ट सर्किट की वजह से एक जगह आग भी लग गई है। जिसके बाद तुरंत सायरन बजाए गए और इमरजेंसी रिस्पांस सेंटर को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस, एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड, एसडीआरएफ, रेडक्रास वॉलंटियर्स, बिजली विभाग सहित विभिन्न विभागों की टीमें मौके पर पहुंचीं और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। टीमों द्वारा भवन में फंसे लोगों को निकाला गया। दोनों जगह से 21 घायलों का रेस्क्यू किया गया। जिसमें से सांकेतिक रूप से सरल केंद्र में एक और स्कूल में दो को नहीं बचाया जा सका। एसडीएम संजय कुमार इस मॉक ड्रिल के नोडल अधिकारी रहे। सरल केंद्र में तहसीलदार रविंद्र हुड्डा व स्कूल में ईओ एमसी संदीप सोलंकी को प्रभारी बनाया गया।

डीसी अपराजिता ने लघु सचिवालय स्थित कान्फ्रेंस रूम से पूरी मॉक ड्रिल की मॉनिटरिंग की। मॉक ड्रिल के लिए जाट स्कूल में विभिन्न विभागों की राहत टीमों के लिए सभी तरह के राहत साजो-सामान के साथ स्टेजिंग एरिया बनाया गया। इसके बाद जैसे ही सुबह नौ बजे सायरन बजा तो सरल केंद्र व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय से प्रभारी बनाए गए अधिकारियों ने स्टेजिंग एरिया में फोन से आपदा की सूचना दी।

सूचना मिलते ही वहां से दो टीमें दुर्घटनाग्रस्त क्षेत्रों की ओर रवाना हुई। जिसमें पुलिस, एंबुलेंस, क्रेन, रोडवेज बसों के अलावा भवन गिरने के बाद लोगों को निकालने के लिए प्रयोग होने वाले उपकरण लेकर पुलिस, एसडीआरएफ, रेडक्रॉस सहित अन्य विभागों के कर्मचारी व अधिकारी मौके पर पहुंचें। सरल केंद्र से कुल 16 लोगों को बाहर निकाला गया। सांकेतिक रूप से घायल एक व्यक्ति को सीपीआर दिया गया।

अस्पताल पहुंचने पर इनमें से एक को नहीं बचाया जा सका। एंबुलेंस के व्यस्त होने के चलते एक घायल को एसडीएम संजय कुमार की गाड़ी से अस्पताल पहुंचाया गया। इसी प्रकार स्कूल में पांच लोगों बिल्डिंग से निकाला गया, जिनमें से दो की काल्पनिक मृत्यु हो गई और तीन घायलों को अस्पताल ले जाया गया।

एसडीएम संजय कुमार ने बताया कि डीसी अपराजिता के मार्गदर्शन में दो जगहों पर मॉक ड्रिल की गई। मॉक ड्रिल में तैयारियों को जांचा गया। इसमें जो भी सुधार होगा, वह किया जाएगा। साथ ही आमजन से अपील है कि किसी भी आपदा के समय घबराने की बजाए संयम से काम लेकर नुकसान को कम से कम करने के लिए प्रयास करना चाहिए।



**कैथल।** आपदा प्रबंधन से संबंधित मॉक ड्रिल के दौरान तैनात एसडीएम संजय सिंह।

### बचाव कार्य की तैयारियां जांची गईं

डीसी अपराजिता ने कहा कि राज्यस्तरीय मॉक ड्रिल में जिले में दो जगहों पर आपदा के समय में जिला प्रशासन की तैयारियों को जांचा गया। आपदा कभी भी आ सकती है। जिला प्रशासन द्वारा डिजास्टर मैनेजमेंट प्लान के तहत काफी तैयारियां की जाती हैं। ये मॉकड्रिल इन्हीं तैयारियों को जांचने का अवसर होता है। दोनों जगह पर मॉक ड्रिल में सांकेतिक रूप से घायलों को निकालने, अधिक से अधिक लोगों को बचाने, अस्पताल पहुंचाने एवं मौके पर अन्य बचाव कार्यों की समीक्षा की गई है। समीक्षा में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसी अनुसार ओर अधिक तैयारियां ऐसी आपदाओं से निपटने के लिए की जाएंगी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के अभ्यास मानसून पूर्व तैयारियों को मजबूत करने में अत्यंत सहायक सिद्ध होते हैं तथा आपदा की स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने में मदद करते हैं।

17 मई को मनाई जाएगी जयंती

# कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने दिया महाराणा प्रताप जयंती का न्योता


**कलायत।** कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा को जवार का गुलदस्ता भेंट करते मौजिज लोग।

- युवाओं को महाराणा प्रताप के त्याग से प्रेरणा लेने का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कलायत

प्रदेश के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि 17 मई को जिला अंबाला के शहजादपुर में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती के उपलक्ष्य में प्रदेश स्तरीय समारोह का भव्य आयोजन किया जाएगा। समारोह में महाराणा प्रताप के शौर्य, स्वाभिमान, त्याग और बलिदान की गौरवगाथा का स्मरण किया जाएगा। युवाओं को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेने का संदेश दिया जाएगा। कृषि मंत्री बृहस्पतिवार को कलायत में जयंती समारोह का निमंत्रण देने पहुंचे थे। इस दौरान पार्षदों, 36 बिरादरी के प्रतिनिधियों, धार्मिक, राजनैतिक व सामाजिक संगठनों ने कृषि मंत्री का परंपरा अनुसार स्वागत किया। कृषि मंत्री के नाते उन्हें ज्वार का गुलदस्ता भेंट किया गया। केबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा ने बताया कि समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर मिजोरम के राज्यपाल वी.के सिंह व हरियाणा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शिरकत करेंगे। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन राष्ट्र भक्ति, आत्मसम्मान और संघर्ष का प्रतीक है। उनके आदर्श आज भी समाज को नई दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। राणा ने कहा कि प्रदेश सरकार महापुरुषों की जयंती को बड़े स्तर पर मनाकर देश के भविष्य को इतिहास और संस्कृति से जोडऩे का कार्य कर रही है। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में समारोह में पहुंचकर वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप को सम्मान देने का आह्वान किया। सभी ने समारोह को सफल बनाने का भरोसा मंत्री को दिलाया। श्याम सिंह राणा ने कहा कि सभी वर्गों की आस्था के प्रतीक महापुरुषों को याद करना एक बेहतरीन सोच का प्रतीक है।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष राजीव राजपूत, जिला सचिव अजय प्रताप राणा, मार्किट कमेटी अध्यक्ष राजकिशन राणा, सीएम विंडो प्रतिनिधि मैनपाल राणा, अखिल भारतीय राजपूत महासभा युवा नेता सलिंद्र प्रताप राणा, अनिल जैलदार, राज्य बाल संरक्षण आयोग की निवर्तमान सदस्य सुमन राणा, वरिष्ठ भाजपा नेता जयदीप राणा, वीरेंद्र राणा, पूर्व महामंत्री राहुल राणा, विश्वकर्मा समाज से धर्मपाल धीमान व अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# विधायक ने सुनीं जन समस्याएं दिए शीघ्र समाधान के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल


**कैथल।** विधायक सतपाल जांबा लोगों की समस्याएं सुनते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

विधायक सतपाल जाम्बा ने वीरवार को जिला कार्यालय कपिल कमल, कैथल में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान ज़िलावासियों से आत्मीय संवाद कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों को गंभीरता पूर्वक सुना तथा संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार जनसेवा, पारदर्शिता और जवाबदेही के सिद्धांतों पर कार्य करते हुए आमजन की समस्याओं के समाधान हेतु निरंतर प्रतिबद्ध है। विधायक सतपाल जाम्बा ने कहा कि पात्र लोगों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। प्रदेश सरकार जनहित के कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कर रही है तथा लोगों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। विधायक ने कहा कि अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे आमजन की शिकायतों का त्वरित निपटारा करें। इस दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याएं विधायक के समक्ष रखी गईं, जिनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।


**पूंडरी।** पूंडरी गोशाला में गोसेवा करते संस्था सदस्य। *फोटो :हरिभूमि*

### एकादशी पर जयराम आदर्श गोशाला में गोसेवा

**पूंडरी।** एकादशी पर सामाजिक संस्था "एक किरण उम्मीद की संस्था" की ओर से जयराम आदर्श गोशाला, पूंडरी में गोसेवा कार्यक्रम हुआ। इसका उद्देश्य गोमाता की सेवा, संरक्षण और समाज में मानव सेवा के प्रति लोगों को जागरूक करना रहा। कार्यक्रम के दौरान गोमाताओं के लिए विशेष भोजन व्यवस्था की गई तथा सेवा और संरक्षण गतिविधियां संचालित की गईं। संस्था सदस्यों ने गौसेवा को भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा बताते हुए लोगों से अधिक से अधिक संख्या में जुड़ने का आह्वान किया। संस्था अध्यक्ष निधि मोहन ने कहा कि गौसेवा से समाज में सकारात्मक ऊर्जा, करुणा और सेवा भावना का विकास होता है। कार्यक्रम संयोजक मुनीश मित्तल ने कहा कि संस्था का उद्देश्य केवल गौसेवा ही नहीं, बल्कि मानव सेवा, सहयोग और संस्कारों को भी बढ़ावा देना है। इस अवसर पर सुनील मित्तल, विनोद सिंगला, नरेश शर्मा, मुनीश मित्तल, डॉ. मनोज मंगल, राजकुमार वर्मा, बबीता सिंगला, डॉ. मनीषा मंगल, परवीन मित्तल, रमेश तूरान, विकास सिंगला, नरेश शर्मा विजय, नवीन टाया, बलवंत गोलन, वंदना मित्तल, एकता उप्पल, कमलेश बग्गा, पूनम तूरान, बरखा कुकरेजा और संजय कुकरेजा मौजूद रहे।

# जींद नगर परिषद के चुनाव से पहले कांग्रेस ने बढ़ाई सक्रियता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद


कांग्रेस जिलाध्यक्ष रिषीपाल हैबतपुर।

नगर परिषद चुनाव और एसआईआर प्रक्रिया के मद्देनजर जिला कांग्रेस कमेटी ने संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत करने के लिए कमर कस ली है। इसी कड़ी में 16 मई को जिला कांग्रेस कार्यालय जींद में बैठक आयोजित की जाएगी। जिसमें पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति अनिवार्य की गई है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ऋषिपाल हैबतपुर ने बताया कि यह बैठक प्रातः 10 बजे आयोजित होगी। इसमें पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, पूर्व प्रत्याशी,ब्लॉक एवं मंडल अध्यक्ष, विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारीए वरिष्ठ कांग्रेसजन और कार्यकर्ता शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य एसआईआर के तहत मतदाता सूची के सत्यापन को सुनिश्चित करना है ताकि किसी भी कांग्रेस समर्थक का वोट सूची से न कटे। इसके साथ ही प्रत्येक बूथ पर नए मतदाताओं के नाम जुड़वाने और मृत अथवा स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटवाने की प्रक्रिया पर विशेष जोर दिया जाएगा। रिषिपाल हैबतपुर ने बताया कि इसके अलावा नगर परिषद क्षेत्र के सभी बूथों पर बूथ लेवल एजेंट बीएल 2 की नियुक्ति, बूथ स्तर पर जनसंपर्क की प्रभावी रणनीति तैयार करना तथा वरिष्ठ नेताओं को बूथवार जिम्मेदारियां सौंपने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी चर्चा की जाएगी। जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने बताया कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार इस बार बूथ प्रबंधन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है।

### आभूषण व दानपात्र चोरी करने का आरोपी काबू



**कैथल।** चोरी का आरोपी सीआईए-1 पुलिस की गिरफ्त में। *फोटो :हरिभूमि*

**कैथल।** सीआईए-1 पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए सुनार की दुकान से चांदी के आभूषण व दानपात्र चोरी करने के मामले में आरोपी को काबू करने में सफलता हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की भागल निवासी प्रवीन कुमार की शिकायत अनुसार उसकी गुरुद्वारा मार्केट भागल में "सोहन लाल ज्वैलर्स" नाम से दुकान है। दिनांक 10 मई को वह दोपहर करीब 2:50 बजे खाना खाने के लिए अपने घर गया था। करीब 3:00 बजे वापस दुकान पर आने पर उसने देखा कि दुकान से गौशाला का दानपात्र, जिसमें करीब 700-800 रुपये थे, तथा काउंटर में रखी दो चांदी की चैन व करीब 15 जोड़ी चांदी की चुटकी चोरी हो चुकी थी। जिस बारे थाना चीका में मामला दर्ज किया गया। मामले की जांच सीआईए-1 प्रभारी एसआई जसवंत की अगुवाई में एचसी पवन कुमार की टीम द्वारा करते हुए आरोपी गांव पपराला निवासी रमेश उर्फ राजू को काबू कर लिया गया। पूछताछ दौरान आरोपी के कब्जे से 2 चांदी की चैन व 11 जोड़ी चांदी की चुटकी बरामद हुई। व्यापक पूछताछ दौरान आरोपी ने गुहला क्षेत्र में दो अन्य चोरी की वारदात करनी कबुल की, जिनमें आरोपी द्वारा बैटरी व गैस सिलेंडर चोरी किए गए है। आरोपी अदालत में पेश किया जाएगा, जिससे पूछताछ की जा रही है।

# सफाई कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर भाजपा नेता को सौंपा ज्ञापन

- 14 दिनों से लगातार धरना प्रदर्शन कर रहे सफाई कर्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुहला-चीका


**गुहला-चीका।** गुहला चीका में धरना-प्रदर्शन के दौरान सफाई कर्मचारी भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा कैथल के जिला अध्यक्ष को मुख्यमंत्री के नाम मांग पत्र सौंपते हुए।

नगर पालिका चीका में सफाई कर्मचारी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर पिछले 14 दिनों से लगातार धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को अनुसूचित जाति मोर्चा भाजपा कैथल के जिला अध्यक्ष सलिन्द्र वाल्मीकि को ब्लॉक प्रधान पिरथी सिंह एवं सफाई कर्मचारियों ने हरियाणा के मुख्यमंत्री के नाम मांग पत्र सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से कर्मचारियों ने अपनी जायज मांगों को सरकार तक पहुंचाने और जल्द समाधान करवाने की मांग उठाई। इस दौरान सलिन्द्र वाल्मीकि ने कर्मचारियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि वे इससे पहले भी समाज कल्याण मंत्री कृष्ण बेदी से मुलाकात कर सफाई कर्मचारियों की समस्याओं उनके समक्ष रख चुके हैं। अब दोबारा कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से विस्तृत चर्चा कर कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान करवाने का प्रयास किया जाएगा। भाजपा सरकार सफाई कर्मचारियों के हितों के प्रति संवेदनशील है और उनकी मांगों को पूरा करने के लिए लगातार कार्य कर रही है।


**पूंडरी।** कार्यकर्ताओं को समंबोधित करते पूर्व विधायक तेजबीर सिंह।

### निकाय चुनाव में जीत से भाजपा कार्यकर्ता उत्साहित

**पूंडरी।** भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं पूर्व विधायक चौधरी तेजवीर सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का जनाधार प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश में लगातार मजबूत हो रहा है। हरियाणा में हुए निकाय एवं निगम चुनावों में भाजपा प्रत्याशियों को मिली शानदार सफलता इस बात का प्रमाण है कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार जनहित की नीतियों के साथ आगे बढ़ रही है। पूंडरी में आयोजित कार्यकर्ता बैठक के दौरान पूर्व विधायक तेजवीर सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार ने पिछले वर्षों में बिना भेदभाव के विकास कार्य करवाए हैं। गांवों से लेकर शहरों तक सड़क, पेयजल, बिजली, स्वास्थ्य और शिक्षा सुविधाओं को मजबूत किया गया है। युवाओं को पारदर्शी तरीके से रोजगार देने, किसानों के हितों की रक्षा करने तथा महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए अनेक योजनाएं लागू की गई हैं। उन्होंने कहा कि गरीब, किसान, मजदूर, व्यापारी और कर्मचारी सहित हर वर्ग के हितों को ध्यान में रखकर सरकार नीतियां बना रही है। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने चुनावों में मिली सफलता पर खुशी जताई और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। पूर्व विधायक तेजवीर सिंह ने चुनावों में पार्टी प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के लिए कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

### बाइक चोरी के मामले में 2 आरोपी काबू

**कैथल।** स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट प्रभारी इंस्पेक्टर सुनील कुमार की अगुवाई में एएसआई संदीप सिंह की टीम द्वारा आरोपी गांव हरसौला निवासी राकेश व ईशम सिंह को काबु कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की प्रताप गेट कैथल निवासी हरीश कुमार की शिकायत अनुसार 25 मार्च की शाम करीब 5 बजे उसके बेटे ने नेहरू पार्क कैथल के पास बाइक खड़ी की थी , जिसको कुछ समय बाद आकर देखा ओर पाया कि अज्ञात व्यक्ति उसकी बाइक चोरी कर ले गया। जिस बारे थाना शहर में मामला दर्ज कर लिया गया। आरोपियों के कब्जे से उक्त मामले की चोरीशुदा बाइक सहित कुल 3 चोरीशुदा बाइक बरामद की गई हैं। दोनों आरोपी अदालत के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिए गए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने मे किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

नागरिक अस्पताल के कमरा नंबर 101 की दीवारों से हो रहा पानी का रिसाव

# 14.91 करोड़ से करवाए जा रहे रेनोवेशन कार्य पर उठे सवाल

## कमरे के अंदर भरा बारिश का पानी दीवारों में उतरा करंट, मरीज परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद




**जींद।** नागरिक अस्पताल के कमरा नंबर 101 में जमा हुआ बरसाती पानी तथा नागरिक अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग का पोर्च जहां पानी जमा हुआ।

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में 14.91 करोड़ रुपये से करवाए जा रहे रेनोवेशन कार्य पर एक बार फिर से सवालिया निशान खड़े हो गए हैं। मंगलवार तथा बुधवार को हुई बारिश से कमरा नंबर 101 की दीवार बहने लगी और दीवारों में करंट आ गया। इसके अलावा आपातकालीन विभाग के सामने पोर्च में लगी लाइटों से पानी का रिसाव हुआ। अस्पताल के ग्राऊंड फ्लौर में व रैफरल ट्रांसपोर्ट के कमरा नंबर 112 में भी बार-बार पानी एकत्रित हो रहा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय की तरफ से लेकर आधिकारिक पत्र जारी कर लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी)को पत्र लिखा है। पत्र में साफ कहा गया है कि काम समय पर पूरा न होने से मरीजों और आमजन को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

जब से अस्पताल के जीर्णोद्धार का काम शुरू हुआ है तभी से इस पर सवालिया निशान उठाए जा रहे हैं। इसकी विजिलेंस जांच भी हो चुकी है। एडवोकेट सुनील कुमार ने विजिलेंस को दी अपनी शिकायत में कहा था कि जब बिल्डिंग पूरी तरह से कंडम है तो फिर इस पर जो पैसे लगाए जा रहे हैं वह व्यर्थ हैं। नागरिक अस्पताल के रेनोवेशन कार्य अक्टूबर माह में शुरू हुआ था। काम जल्द से जल्द पूरा करने को लेकर विभाग को कई बार समय सीमा दी गई थी। 17 अक्टूबर 2025 को स्वास्थ्य विभाग द्वारा समीक्षा के बाद कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए थे। इसके बाद 10 नवंबर 2025 और 30 नवंबर 2025 तक काम पूरा करने की अंतिम तिथि तय की गई थी लेकिन 14 मई 2026 तक भी अधिकांश महत्वपूर्ण कार्य अधूरे पड़े हैं। नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने बताया कि रेनोवेशन जल्द पूरा किए जाने को प्रधान चिकित्सा अधिकारी कार्यालय की तरफ से पीडब्ल्यूडी बीएंडआर एक्सईएन को पत्र लिखा गया है। उम्मीद है जल्द यह रेनोवेशन कार्य पूरा होगा।

#### मुख्य समस्याएं

1. अस्पताल के वार्डों में पेंटिंग और सिविल कार्य अधूरे।
2. इमरजेंसी विभाग में ऑक्सीजन लाइन का काम लंबित।
3. कमरा नंबर 101 और 112 में बारिश के पानी का रिसाव।
4. फ्लोर और छत पर पानी जमा होने से मरीजों को परेशानी।
5. फ्रंट लाइट्स में बिजली की कमी और अंधेरा।
6. अस्पताल में काम अधूरा होने से मरीजों को असुविधा।